## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बचे कार्यों को तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया

# कच्ची दरगाह से राघोपुर 6 लेन पुल का लोकार्पण

### सुविधा

**पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कच्ची दरगाह-बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल परियोजना के बचे हुए कार्यों को तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया है। साथ ही जेपी गंगापथ की तरफ से आने-जाने वाले वाहनों को कच्ची दरगाह-बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल से सीधी संपर्कता बहाल करने के काम को एक माह में पूरा करने को कहा है। इसके पहले मुख्यमंत्री ने सोमवार को कच्ची दरगाह-बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल परियोजना के पटना से राघोपुर की संपर्कता का लोकार्पण किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित 6 लेन गंगा पुल का राघोपुर तक निरीक्षण किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कच्ची दरगाह-बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल के निर्माण के लिये हमलोग लगातार काम कर रहे थे। निर्माणाधीन कार्य का नियमित निरीक्षण कर पुल का निर्माण शीघ्र पूरा करने के लिये अधिकारियों को निर्देशित करते रहे। खुशी की बात है कि अब यह सपना साकार हो गया है। नीतीश कुमार ने कहा कि कच्ची दरगाह बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल के लोकार्पण से राघोपुर दियारा क्षेत्र के लोगों को राजधानी पटना से पूरे वर्ष के लिये सड़क सम्पर्कता मिलेगी। क्षेत्र में कृषि, उद्योग सहित अन्य व्यवसायों का और तेजी से विकास होगा। आकस्मिक चिकित्सा की स्थिति में मरीजों को भी काफी सुविधा होगी। गांधी सेतु पर भी यातायात का भार कम हो गया तथा उत्तर बिहार और दक्षिण बिहार की सम्पर्कता के लिये लोगों को एक और वैकल्पिक मार्ग मिल गया।

**जाम से भी लोगों को राहत मिलेगी:** सीएम ने कहा कि इसके निर्माण से पटना शहर में लगने वाले जाम से भी लोगों को राहत मिलेगी। साथ ही पटना शहर के बाहर से ही लोग उत्तर बिहार आसानी से आ-जा सकेंगे। इस दौरान उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी व विजय कुमार सिन्हा, विधानसभा अध्यक्ष नन्दकिशोर यादव, मंत्री विजय कुमार चौधरी, नितिन नवीन, विधान पार्षद रवीन्द्र प्रसाद सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा आदि मौजूद थे।

### पटना से राघोपुर के बीच दौड़ने लगी गाड़ियां



पटना से राघोपुर की संपर्कता के लोकार्पण के बाद सोमवार को मॉडल देखते सीएम नीतीश कुमार। साथ में हैं उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, मंत्री नितिन नवीन और शीर्षत कपिल अशोक।

### राघोपुर में हुआ सीएम का भव्य स्वागत

राघोपुर पहुंचने पर वहां उपस्थित जनसमूह ने ताली बजाकर एवं जिंदाबाद के नारे लगाकर मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया। ग्रामीणों ने इस पुल के निर्माण के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया और उनकी भूरि-भूरि प्रशंसा की। मुख्यमंत्री ने जन समूह का अभिवादन स्वीकार करते हुये कहा कि आप लोगों के हित में लगातार काम कर रहे हैं और इस क्षेत्र के विकास के लिए हमसे जो बन पड़ेगा करते रहेंगे।

**01** माह में जेपी गंगापथ से कच्ची दरगाह-बिदुपुर पुल से सीधी संपर्कता बहाल करने को कहा

### लिंक पथ का निरीक्षण

लोकार्पण के बाद मुख्यमंत्री ने दीदारगंज में कच्ची दरगाह बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल को जेपी गंगा पथ से जोड़ने वाले निर्माणाधीन लिंक पथ का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि जेपी गंगापथ परियोजना को दीदारगंज तक पूरा कर लिया गया है। जेपी गंगापथ की तरफ से आने-जाने वाले वाहनों को कच्ची दरगाह बिदुपुर 6 लेन गंगा पुल से सीधी संपर्कता बहाल करने के लिए बचे हुये काम को एक माह में तेजी से पूरा करें।

"कच्ची दरगाह से राघोपुर तक छह लेन का पुल बनने से पटना शहर में लगने वाले जाम से भी लोगों को राहत मिलेगी।

**-नीतीश कुमार**, मुख्यमंत्री